दैनिक जागरण 10/11/2024

गीत सुनाकर कार्यक्रम को बनाया रंगारंग

जागरण संवाददाता • अंबाला : अंबाला म्यूजिकल क्लब द्वारा 9वें सीजन का आयोजन किया गया। जीएम एन कालेज, अंबाला छावनी के प्राचार्य डा. रोहित दत्त एवम कैंटोनमेंट बोर्ड के सीईओ राहुल आनंद शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया।

अंबाला म्यूजिकल क्लब द्वारा 9वें सीजन का आयोजन किया गया • सौजन्य क्लब

क्लब चेयरमैन डा. नवीन गुलाटी ने कहा क्लब के मशहूर कलाकार अपनी जादुई आवाज की छटा बिखेरते हैं। डॉ रोहित दत्त ने अंबाला म्यूजिकल क्लब द्वारा संगीत एवं कला के क्षेत्र किए जा रहे प्रयासों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि भागदौड़ भरी इस ज़िंदगी में संगीत ही एक मात्र ऐसी दवा है जो रूह को सकून और आत्म को शांति देती है और साथ ही फिर से डट कर काम करने के लिए उत्साह से भर देती है। राहुल आनंद शर्मा ने कहा कि अंबाला म्यूजिकल क्लब के चैयरमैन डा. नवीन गुलाटी सहित सभी सदस्य संगीत के क्षेत्र के अपने सराहनीय योगदान के लिए बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा संगीत ईश्वर के सम्मान और आत्मा के अनुमेय आनंद के लिए एक सुखद सामंजस्य है।

बता दें 8 नवंबर की शाम को सेंट्रल फीनिक्स क्लब अंबाला में आयोजित बैठक की मेजबानी क्लब के सदस्य लक्की सिंह एवं डा. नवीन गुलाटी के द्वारा की गई। कार्यक्रम में जाने माने गायकों संजीव भूटानी, डा. विवेक कोहली, राधिका ग्रोवर, नीति गोगिया, मनीषा मल्होत्रा, प्रीत चोपड़ा, राहुल भूटानी आदि गायकों ने भारतीय संगीत जगत के सदाबहार प्यारे के नगमे एवम देशभक्ति के गाने जैसे कि ये शाम मस्तानी, आज मौसम बड़ा, चलते चलते मेरे ये गीत, बड़े अच्छे लगते हैं, मेरे सामने वाली खिड़की में, पल पल दिल के पास इत्यादि गाने गाए और माहौल को रंगारंग बनाया और सभी श्रोता मानो जैसे सुरों की गंगा में बह गए हों। क्लब के प्रधान संजीव भूटानी एवम सेक्रेटरी दीपिका मल्होत्रा सहित सभी सदस्यों ने चेयरमैन डॉ नवीन गुलाटी एवं लक्की सिंह का कार्यक्रम के शानदार आयोजन के लिए धन्यवाद किया।